-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.10.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा पुलिस लाइन में विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) के तत्वाधान में बाल विवाह, किशोर अपराधों/हिंसा व महिला सम्बन्धी अपराधों आदि की प्रभावी रोकथाम के संबंध में की गयी मासिक समीक्षा बैठक। सभी सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा- निर्देश।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 31.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री शिवराज की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बांदा में विशेष किशोर पुलिस इकाई (SJPU) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विवाह, बाल श्रम, किशोर अपराधों, महिला अपराधों एवं बाल संरक्षण से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाने तथा दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। गुमशुदा बच्चों की शीघ्र बरामदगी, CCTNS एवं वात्सल्य पोर्टल पर सूचनाएं अपडेट करने तथा बरामद किशोर/किशोरियों का नियमानुसार चिकित्सीय परीक्षण कराया जाय। सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि पीड़ितों के बयान नियमानुसार दर्ज किए जाएं तथा मामलों में पर्याप्त साक्ष्य संकलित किए जाएं। लापता किशोरों के मामलों में AHTU को त्वरित एवं विशेष कार्यवाही के निर्देश दिए गए, साथ ही पीड़ित बच्चों की गोपनीयता बनाए रखते हुए उन्हें बाल कल्याण समिति (CWC) के समक्ष प्रस्तुत कर संरक्षण एवं पुनर्वास सुनिश्चित करने तथा विधि से संघर्षरत किशोरों के मामलों में किशोर न्याय बोर्ड (JJB) के प्रावधानों का पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बाल एवं महिला अपराधों की रोकथाम तथा बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, थाना AHT से प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, संयुक्त निदेशक कार्यालय से राजीव कुमार यादव ,ग्रामीण स्वालंबन समिति से ममता देवी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से डॉ मुकेश पहाड़िया (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) ,साथी संस्था के प्रतिनिधि प्रमोद तिवारी ,ग्रामीण परंपरा विकास संस्था से भगवती प्रसाद, शिवम यादव, वन स्टॉप सेंटर से रमा साहू ,चाइल्ड हेल्पलाइन से आकाश यादव एवं थाना GRP से उपनिरीक्षक अंशुभान सिंह, महिला आरक्षी सीतू सिंह, RPF से ASI विनय कुमार सहित अन्य संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा जनपद के समस्त थानों से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।